दैनिक भास्कर 12/09/2024

श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में प्रगति रही प्रथम

अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता कराई। इसका विषय विद्या एवं श्रीमद् भागवत गीता रहा। संस्कृत विभाग की प्रो. प्रियंका के निर्देशन में ये कार्यक्रम कराया गया। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि सुबह उठकर शांति व विद्या से संबंधित श्लोकों के उच्चारण से पूरा दिन शक्ति व स्फूर्ति से भरा रहता है। प्रो. बृजेश ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया व संस्कृत भाषा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में बीसीए द्वितीय वर्ष की प्रगति ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष की मनोरमा दूसरे व बीए द्वितीय वर्ष की निशु तीसरे स्थान पर रही। निर्णायक मंडल की भूमिका हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. रितु गुप्ता व राजनीतिक विभाग की प्रो. सरोज ने बखूबी निभाई।